 ISSN 2581-9917

Reviewers

We thank our reviewers for offering their expertise in selection of articles for Volume II issues I & II

1. **Prof. Jaideep Sharma**
2. **Prof. Balaganapathi Devarakonda**
3. **Mr. Vijay Kachroo**
4. **Prof. Karuna Shankar Upadhyay**
5. **Dr. S.S. Awasthy**
6. **Prof. Nita Mathur**
7. **Dr. Darshan Pandey**
8. **Mr. Saugato Sen**
9. **Dr. Lalit B. Goswami**
10. **Mr. Stephen Howe**
11. **Dr. Usha Kiran**
12. **Dr. Pradeep Kumar Das**

Feedback on January 2020 Issue

सादर नमः।

संवेदना पत्रिका को पढ़ने में थोड़ा समय लगा। यद्यपि किसी ई-पत्रिका को पहली ही बार रुचिपूर्वक पढ़ सका। यह पत्रिका अगर कागज पर ज्यों की त्यों उतर आए तो किसी भी स्तरीय छपी पत्रिका से किसी भी अंश में कम न होगी। अंग्रेजी और हिंदी विभाग दोनों ही उपयोगी, सामयिक, स्तरीय सामग्री से युक्त बहुत समर्थ एवं सार्थक हैं।

पृ.13 का लेख हो या इसी एनीमिया विषय से संबंधित पृ. 18 का सर्वे हो, कॉलेज छात्राओं के लिए निश्चय ही उपयोगी और उनकी आज की स्थिति पर प्रकाश डालने वाले हैं। 'द अहोम राइज...'' इतिहास के पन्नों को पलट उच्च वर्ग में भी स्त्री की माध्यम भर रह जानेवाली स्थिति को प्रस्तुत कर रहा है। हाँ, महल कौर पर लिखा लेख उसके संघर्ष की गाथा है।

आर्टिकल 370, कश्मीर जैसे ज्वलंत विषय इसमें हैं। भावपूर्ण कविताओं, स्केच आदि से सज्जित यह पत्रिका वास्तव में प्रभावी बनी है।

इसके लिए प्रतिभा, परिश्रम, योजना और सुष्ठु उपयोगी सामग्री, योग्य लेखक वर्ग का चयन के लिए जैसा विवेक चाहिए उसका स्पष्ट दर्शन मैं कर सका हूँ।

इस सबके लिए संपादक मंडल को सहस्रशः बधाइयाँ, साधुवाद, पूरी टीम का अभिनंदन। पत्रिका आपने मुझे भेजी, इसके लिए कृतज्ञ रहूँगा...

डॉ. ललित बिहारी गोस्वामी

पीएच, डी., डी. लिट., एसोसिएट प्रोफेसर (सेवा निवृत्त)
पी. जी. डी. ए. वी. महाविद्यालय, नई दिल्ली